**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**—:: अधिसूचना ::—**

**सं० सं०—17/विविध 01—157/2025** **पटना, दिनांक :— / /2026**

स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के निम्नांकित चिकित्सक शिक्षक को अगले आदेश तक के लिए स्तम्भ—04 में अंकित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के अधीक्षक/उपाधीक्षक के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है:—

| क्र0 सं0 | नाम/पदनाम | विभाग/वर्तमान पदस्थापन संस्थान का नाम | अतिरिक्त प्रभार |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | डा० राजीव रंजन सिन्हा, प्राध्यापक | बायोकेमिस्ट्री विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना | अधीक्षक, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना |
| 2 | डा० प्रणव दत्त वर्मा, प्राध्यापक | सर्जरी विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना | उपाधीक्षक, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना |

**2.** अधिसूचित अधीक्षक को वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या—9262/वि0, दिनांक—01.10.2011 के द्वारा अधिसूचित बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम—84 के अंतर्गत संबंधित संस्थान के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्ति प्रदान की जाती है।

**3.** संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में अधीक्षक/उपाधीक्षक के पद पर पूर्व से कार्यरत चिकित्सक को निदेशित किया जाता है कि वे संबंधित को प्रभार सौंपना सुनिश्चित करेंगे।

**4.** अधीक्षक के पद पर अधिसूचित चिकित्सक शिक्षक संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के प्रभार में नहीं रहेंगे।

5. एतद् संबंधी पूर्व में निर्गत अधिसूचना/आदेश यदि कोई हो तो, इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

**6.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**ह०/—**
**(रेणु कुमारी)**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**सं० सं०— 17/विविध 01—157/2025**—736(17) **पटना, दिनांक :—**30/06/**2026**

प्रतिलिपि :— महालेखाकार (ले० एवं ह०), बीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— प्राचार्य/अधीक्षक/उपाधीक्षक, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— जिला पदाधिकारी, पटना/सिविल सर्जन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— डा० राजीव रंजन सिन्हा, प्राध्यापक, बायोकेमिस्ट्री विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना/डा० प्रणव दत्त वर्मा, प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :— माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, (प्रभारी प्रशाखा—17)/अपर सचिव (प्रभारी प्रशाखा—17)/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—01, 02, 03, 07, 08, 09, एवं 18A स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— आई०टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Renu Kumari 30/06/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/R/Adhisuchna